दैनिक भास्कर

जोधपुर 16-11-2021

# ऐश्वर्या कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी पर सेमिनार



**जोधपुर|** ऐश्वर्या कॉलेज में शनिवार को साइबर क्राइम पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। कॉलेज के चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में जिस तरह से डिजिटल सुविधाएं बढ़ रही है। उसी प्रकार डिजिटल सुविधाएं कई मायनों में समस्या भी बनती जा रही है। दुबई की कंपनी एग्रोटेक लिमिटेड के साइबर क्राइम विशेषज्ञ मनीष चौधरी ने बताया कि आज आधुनिक दुनिया में किस प्रकार से डिजिटल क्राइम बढ़ रहा है। सजगता ही साइबर सिक्योरिटी का मूल मंत्र है। विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम से संबंधित अनेक प्रश्न भी पूछे, जिसका चौधरी ने जवाब दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए साइबर क्राइम पर कार्यशाला आज की आवश्यकता को देखते हुए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान नवीनदत्त जोशी, शैलेंद्र पुरोहित, विभाग के सभी फैकल्टी मेंबर और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका

patrika.com


# साइबर क्राइम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती



**जोधपुर.** ऐश्वर्या कॉलेज में शनिवार को विश्व की सबसे मुखर ऑनलाइन समस्या साइबर क्राइम पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित की गई। कॉलेज के चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है। डिजीटल सुविधाएं कई मायनों में दुनिया के लिए समस्या भी बनती जा रही हैं। साइबर क्राइम विशेषज्ञ मनीष चौधरी ने बताया कि आज दुनिया के सभी देश साइबर क्राइम की चुनौती का सामना कर रहे है तथा उनसे निपटने के लिए देश दुनिया की सरकारें साइबर क्राइम को लेकर जागरूक और सजग हो रही हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों सहित विभाग के सभी फैकल्टी मेम्बर भी उपस्थित थे।